काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
BANARAS HINDU UNIVERSITY
सूचना एवं जन सम्पर्क कार्यालय
Information & Public Relations Office

<u>**प्रेस विज्ञप्ति**</u>

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षाएं 16 से 31 अगस्त, 2020 के बीच प्रस्तावित

<u>वाराणसी, 30.06.2020</u>: काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2020-2021 में स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाओं के कार्यक्रम पर चर्चा के लिए कुलपति प्रो. राकेश भटनागर की अध्यक्षता में आज एक उच्च स्तरीय बैठक हुई। विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के प्रमुखों, संस्थानों के निदेशकों, यूनिवर्सिटी एडमिशन कोऑर्डिनेशन बोर्ड (UACB) व एपेक्स एडवाइजरी कमेटी की इस बैठक में प्रवेश परीक्षाओं से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर कोविड-19 महामारी से उत्पन्न स्थिति, रेलगाड़ियों के आवागमन व भारत सरकार द्वारा UNLOCK-2 के संबंध में जारी दिशानिर्देशों के आलोक में अगस्त माह में प्रवेश परीक्षा कराने की संभावना तलाशी गई। ग़ौरतलब है कि शैक्षणिक सत्र 2020-2021 में प्रवेश के लिए 10 जुलाई से 29 जुलाई 2020 के बीच प्रवेश परीक्षाएं कराना प्रस्तावित था। आज की बैठक में प्रवेश परीक्षा की नई संभावित तारीखों पर गहन विचार विमर्श के बाद **16 अगस्त 2020 से 31 अगस्त 2020** के बीच प्रवेश परीक्षाएं कराना प्रस्तावित किया गया है। <u>**हालांकि, इन तिथियों पर प्रवेश परीक्षाएं, कोविड-19 की तब की स्थिति के मद्देनजर भारत सरकार, मानव संसाधन विकास मंत्रालय व विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी दिशानिर्देशों के आधार पर ही कराई जाएंगी।**</u> अभ्यर्थियों से अपील की जाती है कि वे प्रवेश परीक्षा से जुड़ी जानकारी के लिए नियमित रूप से विश्वविद्यालय की वेबसाइट देखते रहें।

जनसम्पर्क अधिकारी

SARKARIRESULT.COM

BHU
Tel.:91-0542-2368598,2369608
E-mail: probhu@bhu.ac.in
VARANASI-221005 UP - INDIA